दिन–बुधवार दिनांक– 27 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले महीने पन्द्रह सितम्बर को पूर्णिया हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री इसी दिन पूर्णिया में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। साथ ही कई विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि सितम्बर महीने में ही प्रधानमंत्री श्री मोदी पटना मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने समग्र खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और जमाखोरी रोकने के लिए गेहूं पर भंडार सीमा लागू कर दी है। यह सीमा सभी राज्यों के व्यापारियों, थोक और खुदरा विक्रेताओं पर लागू होगी। व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए भंडार सीमा तीन हज़ार मीट्रिक टन से घटाकर दो हज़ार मीट्रिक टन कर दी गई है। इसी प्रकार, खुदरा विक्रेताओं के लिए भंडार सीमा आठ मीट्रिक टन की गई है।

———————————————————————

प्रदेश में चल रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के तहत दावों, आपत्तियों और दस्तावेज जमा कराने के लिए अभी छह दिन शेष हैं। चुनाव आयोग ने ताजा बुलेटिन जारी कर कहा है कि राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत भाकपा माले के अलावा किसी राजनीतिक दल ने एक भी दावा–आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। भाकपा माले की ओर से दस दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गयी हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद अभी तक **एक लाख बासठ हजार चार सौ तिरेपन** निर्वाचकों से सीधे दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए है।

———————————————————————

महागठबंधन दलों की वोटर अधिकार यात्रा आज दरभंगा, मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी से होकर गुजरेगी। इस यात्रा का नेतृत्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी कर रहे हैं। यात्रा में राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी सहित महागठबंधन के कई नेता भाग ले रहे हैं। इधर पटना में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा मतदाताओं को भ्रमित करने की कोशिश है।

———————————————————————

देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालु अपने घर में मिट्टी से बनी भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करते हैं। दस दिन तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान प्रथम पूज्य की पूजा—अर्चना करते हैं। इस अवसर पर मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। हर तरफ भक्ति का माहौल है। गणेश चतुर्थी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा है कि जमीन दाखिल—खारिज के मामले में अंचलाधिकारियों को चौबीस घंटे के भीतर जवाब देना होगा। उन्होंने दाखिल—खारिज के मामलों को लेकर जारी किये गये दिशा—निर्देश में कहा है कि अगर आवेदन को लेकर कोई आपत्ति नहीं हो तो पैंतीस कार्य दिवस के अन्दर मामलों का निपटारा करना होगा। आपत्ति होने पर अधिकतम पचहत्तर कार्य दिवस में निपटारा कराना होगा। अपर मुख्य सचिव ने प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि दाखिल—खारिज में विलम्ब होने पर अंचलाधिकारी को स्पष्ट कारण बताना होगा।

———————————————————————

राज्य के विभिन्न भागों में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सुपौल, अररिया और किशनगंज समेत उत्तर—मध्य भागों के एक—दो जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा चलने की

संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश भागो के न्यूनतम तापमान मे कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान वैशाली जिले के पातेपुर में सबसे अधिक चौंतीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।